# सीखने की लगन, करने की चाह,यही बनती है सफलता की राह : कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव

गोहाना, 31 अक्तूबर (रामनिवास धीमान): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ़ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर रोहतक के तत्वाधान में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया। डिपार्टमेंट ऑफ़ पर्सनल ट्रेनिंग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया एवं उन्हें प्रमाण पत्र भेंट किए। डीडीओ अधिकारियों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनके कर्तव्य और जिम्मेदारियों , बजटीय नियंत्रण एवं व्यय की निगरानी, बिलों की तैयारी एवं भुगतान, लेखांकन एवं रिकॉर्ड संधारण सिखाने पर जोर दिया गया। अपने सम्बोधन में कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव ने कहा कि सीखने की लगन, करने की चाह,यही बनती है सफलता की राह। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का महत्व हम सभी भली-भांति समझते हैं। स्वयं को समय के साथ अपडेट रखना बेहद जरूरी है। कुलसचिव ने कहा कि यह प्रशिक्षण निश्चित रूप से आप सभी के लिए लाभदायक रहा होगा और इससे आपकी कार्यकुशलता में भी वृद्धि हुई होगी, जो अब आपके कार्यालय प्रणाली में भी दिखेगी।उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी ड्यूटी पूरी लगन और ईमानदारी से करनी चाहिए और व्यक्तिगत विषय को दरकिनार करते हुए केवल संस्थान के विकास और समृद्धि के लिए काम करना चाहिए।प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में हिपा (हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ़ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) के डायरेक्टर जनरल सेवानिवृत आई पी एस अधिकारी श्री मनोज कुमार , वित् विभाग हरियाणा के सेवानिवृत जॉइंट डायरेक्टर डी एन एस चहल , यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंस रोहतक के मुख्य वित्त अधिकारी श्री राजेश कुमार , वित् विभाग हरियाणा सरकार के अकाउंट अधिकारी श्री राजेश मलिक , डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर हिपा रोहतक के प्राचार्य श्री वी पी असीजा ने प्रतिभागी अधिकारीयों व कर्मचारियों को नियमित कार्यालय की कार्य प्रणाली व वित्त सम्बन्धी कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया।

पंजाब केसरी
SAT,01 NOVEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# रजिस्ट्रार ने प्रतिभागियों को भेंट किए प्रमाणपत्र



प्रो. शिवालिक यादव एक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र देते हुए।(अरोड़ा)

गोहाना, 31 अक्तूबर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में हरियाणा इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिविजनल ट्रेनिंग सैंटर रोहतक के तत्वावधान में चल रहे 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। डिपार्टमैंट ऑफ पर्सनल ट्रेनिंग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव ने प्रतिभागियों प्रमाण पत्र भेंट किए।

डी.डी.ओ. अधिकारियों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनके कर्त्तव्य और जिम्मेदारियों, बजटीय नियंत्रण एवं व्यय की निगरानी, बिलों की तैयारी एवं भुगतान, लेखांकन एवं रिकॉर्ड संधारण सीखने पर जोर दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में हिपा (हरियाणा इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) के डायरैक्टर जरनल सेवानिवृत्त आई.पी.एस अधिकारी मनोज कुमार, वित्त विभाग हरियाणा के सेवानिवृत्त ज्वाइंट डायरैक्टर डी.एन.एस. चह, यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइंस रोहतक के मुख्य वित्त अधिकारी राजेश कुमार आदि ने प्रशिक्षण दिया।

पंजाब केसरी
SAT,01 NOVEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# वी.सी. ने छात्राओं को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ



**गोहाना ( अरोड़ा ):** बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आजाद भारत के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिट का आयोजन किया गया। संयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता हुड्डा ने किया। विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो, सुदेश ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि हमें सत्यनिष्ठा से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए अगर स्वयं को समर्पित करना पड़े तो संकोच नहीं करना चाहिए। यह शपथ केवल एक दिन के लिए बल्कि इसे जीवन में धारण करें।

# वी.सी. ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ



गोहाना मुद्रिका, 31 अक्तूबर : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आजाद भारत के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिट का आयोजन किया गया। संयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता हुड्डा ने किया।

"विविधता में एकता-भारत की पहचान " थीम पर आयोजित एकता के लिए दौड़ में महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि हमें सत्यनिष्ठा से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए अगर स्वयं को समर्पित करना पड़े तो संकोच नहीं करना चाहिए। अपने देश की आंतरिक सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। सरदार पटेल ने जो संकल्प लिया था हम सब को भी उसका अनुसरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह शपथ केवल एक दिन के लिए बल्कि इसे जीवन में धारण करें।

इस दौड़ को वी.सी. प्रो सुदेश ने न केवल हरी झंडी दिखाई बल्कि स्वयं इस दौड़ का हिस्सा भी बनी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को मजबूत हम तभी कर सकते है जब हम स्वयं मजबूत होंगे। हमें खुद को भी मजबूत रखना होंगे। वी.सी. ने कहा कि हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वह महसूस करे कि उसका देश स्वतंत्र है और देश की स्वतंत्रता की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि हमें जाति-पंथ, ऊंच -नीच, अमीर-गरीब का भेदभाव को समाप्त कर देना चाहिए ताकि एक उन्नत देश की कल्पना की जा सके।

# विविधता में एकता ही भारतवर्ष की पहचानः कुलपति प्रो. सुदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

भगत फूल सिंह महिला विवि में शुक्रवार को आजाद भारत के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। संयोजन विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रों. श्वेता हुडा का रहा। कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अगर अमें स्वयं को समर्पित करना पड़े तो मन में किसी प्रकार का संकोच नहीं होना चाहिए। अपने देश की आंतरिक सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। सरदार पटेल ने जो संकल्प लिया था हम सब भी उसका अनुसरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह शपथ केवल एक दिन के लिए बल्कि इसे जीवन में धारण करें। कुलपति प्रो. सुदेश ने न केवल इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई अपितु वे स्वयं इस दौड़ का हिस्सा भी बनी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को मजबूत हम तभी कर सकते है जब हम स्वयं मजबूत होंगे।



एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाते कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव।

# सीखने की लगन से सफलता का मार्ग प्रशस्त

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां में हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर रोहतक के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल ट्रेनिंग भारत सरकार प्रायोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि महिला विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव रहे। यादव ने कहा कि मन में सीखने की लगन और कुछ करने की चाह जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है।

# सीखने की चाहत से बनती है सफलता की राह : प्रो. शिवालिक

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में हरियाणा इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर रोहतक के तत्वाधान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित किया एवं उन्हें प्रमाण पत्र दिए। विभिन्न विभागों के प्रमुखों को प्रशिक्षण दिया गया।



प्रो. शिवालिक यादव, कुलसचिव

कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि सीखने की लगन, करने की चाह ही सफलता की राह है। प्रशिक्षण का महत्व हम सभी भलीभांति समझते हैं। स्वयं को समय के साथ अपडेट रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी ड्यूटी पूरी लगन और ईमानदारी से करनी चाहिए। व्यक्तिगत विषय को दरकिनार करते हुए केवल संस्थान के विकास और समृद्धि के लिए काम करना चाहिए। प्रशिक्षक के रूप में हरियाणा इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के डायरेक्टर जरनल सेवानिवृत्त आइपीएस मनोज कुमार, वित्त विभाग हरियाणा के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डीएनएस चहल, यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंस रोहतक के मुख्य वित्त अधिकारी राजेश कुमार, वित्त विभाग के अकाउंट अधिकारी राजेश मलिक, वीपी असीजा ने प्रतिभागियों को नियमित कार्य प्रणाली व वित्त संबंधी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया।

# अपने देश की आंतरिक सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी : प्रो सुदेश



**गोहाना।** बीपीएस महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हमें सत्यनिष्ठा से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए अगर स्वयं को समर्पित करना पड़े तो संकोच नहीं। अपने देश की आंतरिक सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। सरदार पटेल ने जो संकल्प लिया था, हम सब्र को भी उसका अनुसरण करने की जरूरत है। यह शपथ केवल एक दिन के लिए, बल्कि इसे जीवन में धारण करें। वे शुक्रवार को विवि परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोज़ित राष्ट्रीय एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाने के दौरान संदेश दे रही थीं। विविधता में एकता -भारत की पहचान थीम पर आयोजित एकता के लिए दौड़ में कुलपति ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता हुड्डा ने कराया। इस मौके पर विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव भी मौजूद रहे।

# समय के साथ खुद को अपडेट रखना बेहद जरूरी : प्रो. शिवालिक


भास्कर न्यूज | गोहाना



बीपीएस महिला विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि सीखने की लगन, करने की चाह ही सफलता की राह बनती है। ऐसे में हम सभी को अपनी ड्यूटी पूरी लगन और ईमानदारी से करनी चाहिए। वहीं, व्यक्तिगत विषय को दरकिनार करते हुए केवल संस्थान के विकास और समृद्धि के लिए काम करना चाहिए। वे विवि परिसर में हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर, रोहतक के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर संबोधित कर रहे थे।

प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि हमें स्वयं को समय के साथ अपडेट रखना बेहद जरूरी है। यह प्रशिक्षण निश्चित रूप से प्रतिभागियों के लिए लाभदायक रहा होगा। इससे उनकी कार्य कुशलता में भी वृद्धि हुई होगी, जो अब उनके कार्यालय प्रणाली में भी दिखेगी। इस कार्यक्रम में हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के डायरेक्टर जनरल एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार, वित्त विभाग हरियाणा के सेवानिवृत ज्वाइंट डायरेक्टर डीएनएस चहल, यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस रोहतक के मुख्य वित्त अधिकारी राजेश कुमार, वित्त विभाग हरियाणा के अकाउंट अधिकारी राजेश मलिक, डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर रोहतक के प्राचार्य वीपी असीजा ने प्रशिक्षण दिया।

# रजिस्ट्रार ने प्रतिभागियों को भेंट किए प्रमाणपत्र



प्रो. शिवालिक यादव एक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र देते हुए।(अरोड़ा)

गोहाना, 31 अक्तूबर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में हरियाणा इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिविजनल ट्रेनिंग सैंटर रोहतक के तत्वावधान में चल रहे 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। डिपार्टमैंट ऑफ पर्सनल ट्रेनिंग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव ने प्रतिभागियों प्रमाण पत्र भेंट किए।

डी.डी.ओ. अधिकारियों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनके कर्त्तव्य और जिम्मेदारियों, बजटीय नियंत्रण एवं व्यय की निगरानी, बिलों की तैयारी एवं भुगतान, लेखांकन एवं रिकॉर्ड संधारण सीखने पर जोर दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में हिपा (हरियाणा इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) के डायरैक्टर जरनल सेवानिवृत्त आई.पी.एस अधिकारी मनोज कुमार, वित्त विभाग हरियाणा के सेवानिवृत्त ज्वाइंट डायरैक्टर डी.एन.एस. चह, यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइंस रोहतक के मुख्य वित्त अधिकारी राजेश कुमार आदि ने प्रशिक्षण दिया।